# 359 केन्द्रों पर बोर्ड पैटर्न पर 5वीं-8वीं की परीक्षाएं आज से

## परीक्षा केन्द्रों पर सभी तैयारियां पूरी, 10वीं-12वीं की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से जारी



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 19 फरवरी।** जिले में शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा संचालन को लेकर व्यापक और सुव्यवस्थित तैयारियां की गई हैं। एक ओर जहां शुक्रवार से कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड पैटर्न पर वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही हैं।

5वीं-8वीं की परीक्षा : 71,034 परीक्षार्थी, 359 केन्द्र

जिला शिक्षा केन्द्र के दफेदार सिंह सिकरवार ने बताया कि जिले के 80 जनशिक्षा केन्द्रों के अंतर्गत 359 परीक्षा केन्द्रों पर 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाएं आयोजित होंगी। हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में आयोजित इन परीक्षाओं में 3053 स्कूलों के कुल 71,034 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कक्षा 5वीं की परीक्षाएं शुक्रवार से 26 फरवरी तक और कक्षा 8वीं की परीक्षाएं 28 फरवरी तक चलेंगी। परीक्षा समय दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक निर्धारित है। प्रश्नपत्र परीक्षा से 45 मिनट पूर्व केन्द्राध्यक्षों को जनशिक्षा केन्द्र से प्राप्त होंगे तथा उत्तरपुस्तिकाएं उसी दिन संकलन केन्द्रों पर जमा होंगी। एपीसी अकादमिक एवं परीक्षा प्रभारी मुकेश पाठक के अनुसार डीपीसी एवं एपीसी अकादमिक के नेतृत्व में जिला-स्तरीय निरीक्षण पैनल तथा विकासखण्ड स्तर पर बीआरसीसी के नेतृत्व में पैनल गठित किए गए हैं। वहीं उमेश करारे के नेतृत्व में सात सदस्यीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक परीक्षार्थी और 71 परीक्षा केन्द्र शिवपुरी विकासखण्ड में हैं। **10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा: नकल-मुक्त और शांतिपूर्ण:** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं-12वीं परीक्षाओं के तहत गुरुवार को जिले के 66 केन्द्रों पर 10वीं संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें 18,896 में से 18,367 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 529 अनुपस्थित रहे। इसी दिन 12वीं मनोविज्ञान विषय में जिले का एकमात्र परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुआ। किसी भी केन्द्र पर नकल का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। निरीक्षण के तहत डीईओ विवेक श्रीवास्तव ने व्हीटीपी उमावि, बाल शिक्षा निकेतन, हैप्पीडेज, सीएमराइज, तात्याटोपे फिजीकल और आईपीएस केन्द्रों का निरीक्षण किया। डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार, एपीसी उमेश करारे एवं अतर सिंह राजौरिया ने कन्या उमावि आदर्श नगर, आईपीएस झींगुरा, तात्याटोपे फिजीकल कॉलोनी और बाल शिक्षा निकेतन केन्द्रों का जायजा लिया। जिला परीक्षा प्रभारी राजाबाबू आर्य ने उमावि रन्नौद, सुभाष निकेतन रन्नौद, मावि मायापुर, उमावि कन्या खनियांधाना, नंदीश्वर हाईस्कूल चेतनबाग, मॉडल उमावि खनियांधाना एवं आचार्य विद्यासागर पब्लिक स्कूल खनियांधाना का निरीक्षण किया। 9वीं-11वीं की तैयारी भी पूरी इस बीच 23 फरवरी से 9वीं-11वीं की वार्षिक परीक्षाएं भी बोर्ड पैटर्न पर होंगी। इसके लिए डीईओ विवेक श्रीवास्तव ने 8 प्रश्नपत्र अभिरक्षा केन्द्र कन्या उमावि सदर बाजार शिवपुरी, सांदीपनी उमावि कोलारस, बदरवास, पोहरी, खनियांधाना, नरवर, उत्कृष्ट उमावि पिछोर एवं करैरा निर्धारित किए हैं।



# 19 हजार किलो गुड़ लहान नष्ट, 120 लीटर कच्ची शराब जब्त

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 19 फरवरी।** करैरा क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ जिला आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में गुड़ लहान और कच्ची शराब जब्त की है। यह कार्रवाई कलेक्टर रविंद्र चौधरी एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में की गई। जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में वृत्त करैरा प्रभारी गौरव कुमार कोल की टीम ने फतेहपुर कंजर डेरा, गधाई चौराहा, न्यू अमोला सहित कई संवेदनशील इलाकों में एक साथ दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त 19,000 किलोग्राम गुड़ लहान बरामद किया गया, जिसमें से सैंपल लेकर शेष सामग्री को मौके पर ही नष्ट किया गया। इसके साथ ही 120 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब, टंकियां, ड्रम और अन्य उपकरण जब्त किए गए। जब्त एवं नष्ट की गई सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है। आबकारी विभाग ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की है। इस सफल अभियान में नियंत्रण कक्ष प्रभारी एवं आबकारी उपनिरीक्षक तीर्थराज भारद्वाज, आबकारी उपनिरीक्षक लोकेश बेवरिया, आरक्षक गिर्राज, सतीश, डोंगर सिंह, डालसिंह, रितिक, मुकेश तथा सैनिक सुमन जोशी, रीतू और दिलीप की सराहनीय भूमिका रही। आबकारी विभाग ने साफ किया है कि जिले में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे तत्वों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

# 1000 सहस्त्र चंडी महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा से गूंजेगा नगर

## देवकीनंदन ठाकुर की कथा, व्हीव्हीआईपी उपस्थिति बनेगी केंद्र बिंदु



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 19 फरवरी।** धर्म, अध्यात्म और सामाजिक सरोकारों की त्रिवेणी के साथ शिवपुरी एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी नीलमणि दास महाराज खेड़ापति दरबार ने एक विशेष प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आगामी श्रीमद् भागवत कथा एवं 1000 सहस्त्र चंडी महायज्ञ के भव्य आयोजन की औपचारिक घोषणा की। महाराज श्री ने बताया कि यह विशाल आयोजन 19 मार्च से 25 मार्च तक झांसी रोड स्थित हवाई पट्टी के पीछे नर्सरी ग्राउंड में संपन्न होगा। इस दौरान देशभर से संत समाज, श्रद्धालु और विशिष्ट अतिथि शिवपुरी पहुंचेंगे।

प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि विश्वविख्यात कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज वृंदावन कथा व्यास के रूप में श्रीमद् भागवत की अमृतमयी कथा का वाचन करेंगे। आयोजन में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश तथा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है। इनके साथ अनेक विद्वान संतों के आशीर्वचन भी श्रद्धालुओं को प्राप्त होंगे। स्वामी नीलमणि दास महाराज ने विशेष रूप से बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रहेगा। आयोजन के समापन अवसर पर 26 मार्च को 11 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा, जो इस महायज्ञ को मानव सेवा से जोड़ने वाला प्रेरक उदाहरण बनेगा। प्रेस वार्ता में मोहित दास जी महाराज खेड़ापति दरबार की उपस्थिति में कार्यक्रम का पूरा विवरण जारी किया गया। 11 मार्च को सुबह 10 बजे बलारी माता मंदिर से महायज्ञ स्थल तक भव्य पदयात्रा, 18 मार्च को सुबह 10 बजे महाराज राजेश्वरी दरबार से विशाल कलश यात्रा, 19 से 25 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे भागवत कथा एवं रात्रि 8 से 11 बजे भजन संध्या आयोजित होगी। अंत में स्वामी नीलमणि दास महाराज ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार पधारकर इस भक्ति महाकुंभ में सहभागी बनने और पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया।

# यादव का ऐलान, 15 मार्च को ग्वालियर कूच, शिवपुरी से हुंकार, कथावाचकों पर हमला

## चमत्कार नहीं, संविधान से होगा इलाज



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 19 फरवरी।** आजाद समाज पार्टी की संकल्प यात्रा के दूसरे चरण ने शिवपुरी में राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया। पार्टी के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य दामोदर यादव बुधवार को शिवपुरी पहुंचे और गुरुवार सुबह होटल सोनचिरैया में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार, प्रशासन और धर्म की आड़ में राजनीति करने वालों पर तीखे शब्दों में हमला बोला। उन्होंने पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पर आरोप लगाया कि भाजपा धर्म की राजनीति के बाद अब जातिगत विवाद पैदा करने की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी मांगों को लेकर 11 मार्च को डबरा से ग्वालियर तक एक लाख लोगों के पैदल मार्च का ऐलान किया है। उन्होंने कथावाचकों पर हमला बोलते हुए कहा कि अब चमत्कार से नहीं, संविधान से इलाज होगा।

प्रेस वार्ता के बाद माधव चौक चौराहे के पास वर्षों से पड़ी डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी। यदि 15 दिन में प्रतिमा स्थापित नहीं हुई तो कलेक्टर और नगर पालिका के खिलाफ बड़े स्तर पर आंदोलन होगा। इसके बाद वे पिछोर रवाना हुए, जहां समर्थकों की भारी भीड़ ने स्वागत किया। बदरवास, कोलारस, शिवपुरी और पिछोर की सभाओं में कार्यकर्ताओं का जोश चरम पर रहा। दामोदर यादव ने ऐलान किया कि ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापना के संकल्प के साथ 15 मार्च को ग्वालियर कूच होगा। 10 मार्च तक संकल्प यात्रा जारी रहेगी। 11 मार्च को दतिया में कार्यकर्ता जुटेंगे और रोजाना लगभग 15 किमी की पदयात्रा करते हुए 15 मार्च को ग्वालियर पहुंचेंगे। कांशीराम जयंती के अवसर पर एक लाख लोगों के जुटने का दावा भी किया गया। सभा में दामोदर यादव ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र की बातें कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। हमारी पार्टी संविधान राष्ट्र की बात करती है। पर्ची, बेलपत्र और चमत्कारों से इलाज के दावों को उन्होंने भावनाओं से खिलवाड़ बताया। कैंसर जैसी बीमारियों के नाम पर धाम-परिक्रमा और गौमूत्र को समाधान बताने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि खुद बीमार पड़ते हैं तो आधुनिक चिकित्सा याद आती है। इसी कड़ी में प्रदीप मिश्रा पर भी तीखा कटाक्ष किया कि बेलपत्र चढ़ाकर बच्चों को पास कराने के दावे समाज को भ्रमित करते हैं, दान की रकम से शाही जीवनशैली सवाल खड़े करती है। उन्होंने दो टूक कहा कि पार्टी किसी एक वर्ग की नहीं। किसी ब्राह्मण के साथ भी अन्याय होगा तो आजाद समाज पार्टी उसके साथ खड़ी होगी। मंच पर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष साजिद खान उर्फ चांद खान, पूर्व अध्यक्ष सुनील असते, प्रदेश उपाध्यक्ष केशव यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में दामोदर यादव ने अनुशासन और शांति की अपील करते हुए कहा कि यह संकल्प यात्रा सामाजिक परिवर्तन की निर्णायक दस्तक है।

# नरोत्तम सोलंकी, हाकिम सिंह कुशवाह बने विधायक प्रतिनिधि



नवभारत न्यूज

**नरवर, 19 फरवरी।** करैरा विधानसभा के विधायक रमेश प्रसाद खटीक ने लोक निर्माण विभाग जनपद नरवर हेतु विधायक प्रतिनिधि नरोत्तम सोलंकी निवासी ग्राम सावोली को नियुक्त किया है तथा वही हाकिम सिंह कुशवाह निवासी ग्राम मायारामपुरा मंगरौनी को उद्यान विभाग जनपद नरवर हेतु विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है युक्त दोनों हाकिम सिंह कुशवाह एवं नरोत्तम सोलंकी को विधायक प्रतिनिधि बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं दी हैं।

पेज एक का शेष

# इंदौर के दूषित जल कांड को लेकर सदन में जबर्दस्त हंगामा

**मंत्री ने कहा पहली मौत 21 से 29 दिसंबर के बीच हुई:** चर्चा पर सत्ता पक्ष की आपत्ति को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब सदन में श्वान के मामले में 47 मिनट की चर्चा हो सकती है तो फिर जिस मामले में लोग शांत हो गए हैं, उस मामले में चर्चा क्यों नहीं हो सकती. मैं ऐसे कई मामलों की सूची दे दूंगा, जब सब ज्यूडियश होते हुए भी मामले पर सदन में चर्चा हुई है. उन्होंने जानना चाहा कि मौत की शुरुआत कब से हुई और सहायता राशि कितनी दी गई? इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बाद में दो और लोगों की मौत हुई, जिससे मौतों की संख्या 22 तक पहुंच गई, वहीं मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि दी गई है. पहली मौत 21 से 29 दिसंबर के बीच हुई.


**हमने आईएएस अफसर को भी निलंबित किया :** सीएम: इस पर नेता प्रतिपक्ष ने महज दो लाख रुपए की सहायता राशि को नाकाफी बताते हुए कहा कि घटना में 35 लोगों की मौत हो गई, क्या चार लाख रुपए रुपए देंगे. इस पर सीएम ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि वैसे तो इस मामले में चर्चा सदन में नहीं कराया जाना था, लेकिन ऐसे विषय आने पर हमने मामले की गंभीरता को देखते हुए चर्चा कर समाधान का प्रयास किया है. इतनी बड़ी आबादी में नार्मल डेथ भी हो रही थी, हमने घटना के विषय में प्रशासनिक दृष्टि से आईएएस अफसर को भी निलंबित किया है. सवाल पैसे का नहीं संवेदनशीलता का है. दो की जगह चार क्या हम पांच लाख देने तैयार हैं.

**क्या मंत्री, प्रभारी मंत्री, महापौर की जिम्मेदारी नहीं :** सिंघार: वहीं नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि क्या जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों की ही है? क्या इसके लिए मंत्री, प्रभारी मंत्री और महापौर जिम्मेदार नहीं है? नैतिकता के आधार पर मंत्री का इस्तीफा क्यों नहीं मांगा गया?

क्या जो सरकार चला रहे हैं उनकी जवाबदारी नहीं है. 21 तारीख को मृत्यु हो रही है, सरकार 29 तारीख को जाग रही है. इसी तरह छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप से 25 बच्चों की मौत हो गई, क्या इसके लिए मंत्री की जवाबदारी नहीं है. इस बीच विपक्षी सदस्य आसंदी के सामने जा पहुंचें और जमकर नारेबाजी करने लगे, हंगामा के चलते पहले सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित की गई. सदन समवेत होने के बाद स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया, विपक्षी सदस्य आसंदी के सामने बैठे रहे और नारेबाजी करते रहे, नेता प्रतिपक्ष ने उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग पर अड़े रहे, जिसके चलते एक बार फिर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया. सदन जब तब तीसरी बार समवेत हुई तो फिर विपक्षी सदस्य आसंदी के सामने आ गए विपक्ष के शोरगुल के बीच ही मंत्रियों ने पत्रों को पटल पर रखा.

अध्यक्ष के चेंबर में गतिरोध समाप्त करने चलते रहा बैठकों का सिलसिला: इस बीच विपक्ष के भंवर सिंह शेखावत ने इस विषय पर चर्चा के लिए अलग से चर्चा के लिए समय निर्धारित करने की मांग की, तब ही अध्यक्ष ने तीसरी बार सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी. गतिरोध को दूर करने के लिए अध्यक्ष के चेंबर में भी लगातार बैठकों का दौर भी चलते रहा. चौथी बार जब सदन की बैठक 2. 38 बजे शुरू हुई तो सभापति अजय विश्नोई ने कहा कि विपक्ष अभिभाषण पर चर्चा के दौरान इस संबंध में बात रख सकता है, लेकिन विपक्ष अपनी मांगों पर अड़ा रहा, और कई सदस्यों ने स्थगन पर चर्चा की मांग की, जिसके चलते सदन की कार्यवाही चौथी बार फिर 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई. इस गतिरोध को समाप्त करने केलिए अध्यक्ष के चेंबर में लगातार बैठकों का नतीजा 2.58 बजे देखने मिला, जब सदन एक दिन में पांचवीं बार समवेत हुई. अध्यक्ष तोमर ने सदन में विपक्ष को भरोसा दिलाया कि इस पर शुक्रवार को वे चर्चा कराएंगे, तब जाकर गतिरोध टूटा और अपरान्ह तीन बजे से सदन का संचालन सामान्य तरीके से शुरू हो सका.

# छात्राओं ने नृत्य से दिखाया 360 डिग्री कैंपस व्यू



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 19 फरवरी।** नवाचार, सृजनात्मकता और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के लिए पहचाने जाने वाले दून पब्लिक स्कूल, शिवपुरी ने अपनी स्थापना के चार गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर ऐसा अनूठा प्रयोग प्रस्तुत किया है, जिसने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। स्कूल की कक्षा 8वीं, 9वीं और 10वीं की छात्राओं ने पारंपरिक दक्षिण भारतीय नृत्य शैली में पूरे कैंपस का 360 डिग्री डिजिटल व्यू प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस विशेष प्रस्तुति का उद्देश्य स्कूल की विश्वस्तरीय सुविधाओं और सुंदर परिसर को एक नए, रचनात्मक दृष्टिकोण से दिखाना था। छात्राओं ने नृत्य की सटीक फॉर्मेशन्स इस तरह रचीं कि कैमरे की नजर से देखने पर नृत्य के साथ-साथ पूरे कैंपस का निरंतर और विहंगम दृश्य सामने आया। कुल बारह छात्राओं ने चार-चार के समूहों में अलग-अलग स्थानों पर भिन्न शैलियों और भाव-भंगिमाओं के साथ प्रस्तुति दी, जिससे हर फ्रेम जीवंत हो उठा। तकनीक और कला का यह अद्भुत मेल शिवपुरी में पहली बार देखने को मिला है। सोशल प्लेटफॉर्म पर नेटिज़न्स इस प्रस्तुति की सराहना करते नहीं थक रहे, कहीं इसे क्रिएटिव मार्केटिंग कहा जा रहा है तो कहीं एजुकेशन विद इनोवेशन का श्रेष्ठ उदाहरण। इस नवाचार के पीछे नृत्य प्रशिक्षिका प्रियंका अग्रवाल का कुशल निर्देशन और छात्राओं का कठोर अभ्यास रहा। उनकी लयबद्ध प्रस्तुति ने साबित कर दिया कि सृजनात्मकता सीमाओं में नहीं बंधती। स्कूल संचालिका डॉ. खुशी खान ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है। नृत्य के माध्यम से अपने परिसर को परिभाषित करना छात्राओं की रचनात्मकता और टीम-वर्क का जीवंत प्रमाण है। दून स्कूल हमेशा छात्रों को लीक से हटकर सोचने के लिए प्रेरित करता है।

# जायद में उत्पादित करें उड़द फसल




नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 19 फरवरी।** जिले में कृषकों को उन्नत तकनीक एवं लाभकारी खेती के लिये कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा गतदिवस विकासखण्ड बदरवास के ग्राम धंधेरा, इचौनिया, मोहम्मदपुर ग्रामों में कृषक संगोष्ठी आयोजित कर उन्नत तकनीक एवं लाभकारी खेती की जानकारी दी।

कृषक संगोष्ठी में उप संचालक कृषि पान सिंह करौरिया एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ.विजय सिंह कुशवाह, डॉ. नीरज कुशवाह द्वारा कृषकों को ग्रीष्मकालीन फसलों की जानकारी दी। उप संचालक कृषि द्वारा कृषकों को बताया गया कि जायद मौसम में मूंग फसल के स्थान पर उडद या मूंगफली की फसल का उत्पादन करें, कृषि वैज्ञानिकों ने ग्रीष्मकालीन उडद एवं मूंगफली फसल की उन्नत उत्पादन तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। लगभग-20 कृषकों द्वारा बताया गया कि वह अपने खेतों में आवारा पशुओं से बचाव के लिये बाढ/फेंसिंग करके उडद फसल का उत्पादन अवश्य करेंगे। सहायक कृषि यंत्री भगवान सिंह नरवरिया एवं अंकित सेन द्वारा कृषकों को नरवाई न जलाने की समझाईश दी गई। विकासखण्ड बदरवास के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कल्लू कोली एवं अन्य कर्मचारी तथा कृषक उपस्थित थे।

# श्रीमद भागवत कथा में छठवे दिन रुक्मणी विवाह, गोपी उद्धव हुआ संवाद

## भागवत कथा से दूसरों की सहायता की प्रेरणा मिलती है : दिनेश शास्त्री



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 19 फरवरी।** अन्नाना परिवार द्वारा आयोजित संकटेश्वर महादेव मंदिर, बड़ोरी में श्री भागवत महापुराण कथा के छठवें दिवस व्यासपीठ पर पंडित दिनेश शास्त्री ने श्री कृष्ण विवाह उत्सव उद्धव चरित्र, रासलीला, उद्धव गोपी संवाद, रूकमणी चरित्र प्रसंग का व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि जीव और ब्रम्हा की एकता का नाम ही रास है। यह जीव ब्रम्हा के साथ दिव्य मिलन का महोत्सव हैं। रूकमणी जीव है और श्री कृष्ण ब्रम्हा है दोनों का मिलन है रूकमणी मंगल है।

भागवत कथा के छठवें दिन धूम-धाम से श्री कृष्ण रूकमणी विवाह उत्सव मनाया गया। इस दौरान कथा वाचक पंडित दिनेश शास्त्री ने कहा कि यह कोई साधारण विवाह नहीं था, बल्कि परमात्मा का विवाह था परमात्मा प्रेम से मिलता है रूकमणी मन ही मन परमात्मा के श्री चरणों में प्रेम करती थी लेकिन रूकमणी का बड़ा भाई रूकमणी का विवाह शिशुपाल के साथ करना चाहता था। रूकमणी कोई साधारण स्त्री नहीं थी वह साक्षात महालक्ष्मी का अवतार थी और जब रूकमणी ने देखा कि भाई हट पूर्वक विवाह शिशुपाल के साथ कराना चाहते हैं जिससे मेरे पिता की इच्छा नहीं है, तो रूकमणी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से परमात्मा श्री कृष्ण के पास इस संदेश को भेजा। इस संदेश में रूकमणी ने कहा कि परमात्मा में जन्म जन्मांतरो से आपके श्री चरणों की दासी हूँ। आप मुझ पर कृपा कर मुझे अपने चरणों में आश्रय देने की कृपा करें। जब यह संदेश परमात्मा श्री कृष्ण को प्राप्त हुआ तो उन्होंने ब्राह्मण को ससम्मान विदा कर स्वयं पिछे से कुंडलपुर के लिए चले इधर रूकमणी जी मन में विचार करती है कि वह ब्राह्मण परमात्मा के पास मेरा संदेश लेकर पहुंचा अथवा नही तभी उन्होंने देखा कि जिस ब्राह्मण को उन्होंने द्वारिका भेजा था वह ब्राह्मण लौटकर आ गया। रूकमणी के पूछने पर उसने बताया कि परमात्मा श्री कृष्ण ने आपका का संदेश सुन लिया है और वे कुंडलपुर आ रहे हैं। कुछ ही समय के बाद श्री कृष्ण कुंडलपुर को आते हैं। रूकमणी के पिता भीष्मक को जब यह बात पता चलती है तो उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहता है वे बड़े प्रसन्न होते हैं। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन महारास प्रसंग एवं उद्धव संवाद व रुक्मणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। इस अवसर कथा वाचक ने रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। कथा की आरती मे मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, जिला पंचायत ग्वालियर के उपाध्यक्ष प्रियंका सत्येंद्र सिंह गुर्जर, परीक्षित साहब सिंह- श्रीमती गुड्डी देवी , हरनाम सिंह सरपंच, विशाल सिंह लम्बरदार, कल्याण सिंह, राजेन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह, पंजाब सिंह, जय सिंह, राजवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, गिर्राज सिंह एवं सैकड़ों भक्त गण मौजूद रहे।